**RPL/CS/BSE/NSE/2026-27/07** **29th April 2026**

**To**

The General Manager,
Department of Corporate Service,
Bombay Stock Exchange Limited,
P. J. Tower, Dalal Street, Fort,
Mumbai-400023
Scrip Code: **532785**

National Stock Exchange of India Limited,
Exchange Plaza, Plot No. C/1
G. Block, Bandra Kurla Complex,
Bandra (E),
Mumbai 400051
Trading Symbol: **RUCHIRA EQ**

**SUB: Newspaper publication pertaining to Notice of Postal Ballot of the Company.**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 30 of Securities and Exchange Board of India ("**SEBI**") (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("**Listing Regulations**"), please note that the Company has completed the dispatch of the Notice of Postal Ballot on Tuesday, April 28, 2026, through electronic mode only, to those members whose email addresses are registered in the Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on the cut-off date i.e., Friday, April 24, 2026.

Further, pursuant to Regulation 47 of the SEBI Listing Regulations, please find enclosed herewith copies of the newspaper advertisement published in 'Financial Express' (all editions) and 'Jansatta' (vernacular) on Wednesday, April 29, 2026, regarding completion of dispatch of the Notice of Postal Ballot.

The above information is also being made available on the Company's website at www.ruchirapapers.com

This is for your information, records and action please.

Thanking You,

**For Ruchira Papers Limited**

IQBAL SINGH Digitally signed by IQBAL SINGH Date: 2026.04.29 10:36:01 +05'30'

**Iqbal Singh**
**Company Secretary and Compliance Officer**
**A36847**

**Encl: As Above.**

## खबर कोना



न्यू चंडीगढ़ में आइपीएल के मुकाबले में अर्द्धशतक बनाने पर अभिवादन स्वीकार करता पंजाब का बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह।

### पंजाब सरकार एक मई को बुलाएगी विशेष सत्र

चंडीगढ़, 28 अप्रैल (ब्यूरो)।

पंजाब की आप सरकार एक मई को विधानसभा का एक विशेष सत्र बुलाएगी। पंजाब मंत्रिमंडल ने मंगलवार को सरकार के इस फैसले को मंजूरी दे दी। सरकार के एक बयान में कहा गया है कि राज्य के श्रमिक वर्ग को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एक मई को राज्य विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने को मंजूरी दी। हालांकि सूत्रों का कहना है कि आप सरकार भाजपा की ओर से अपने सात राज्यसभा सांसदों को तोड़ने के लिए इस सत्र में निंदा प्रस्ताव ला सकती है।

### छोकर की याचिका पर सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली, 28 अप्रैल (एजंसी)।

एक आवासीय परियोजना से जुड़े धन शोधन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के पूर्व विधायक धर्म सिंह छोकर से पूछा कि उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई क्यों की जानी चाहिए, जबकि उन्होंने अभी तक उन घर खरीदारों के हितों की सुरक्षा नहीं की है, जिन्हें कथित तौर पर ठगा गया था। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची की पीठ ने आदेश दिया– जब तक याचिकाकर्ता उन घर खरीदारों के हितों की सुरक्षा नहीं करता, जिन्हें साफ तौर पर ठगा गया, तब तक याचिकाकर्ता यह बताए कि यह अदालत इस याचिका में की गई प्रार्थना पर सुनवाई क्यों करे।

### ठगी की आरोपी योग प्रशिक्षका गिरफ्तार

पंचकूला, 28 अप्रैल (जनसत्ता)।

पंचकूला पुलिस ने सेक्टर–21 में योग केंद्र चला रही प्रशिक्षिका को गिरफ्तार किया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2024 में वह उस योग केंद्र में जाते थे। बाद में योग छोड़ने के बाद आरोपी महिला ने उनसे आर्थिक मदद मांगी। पीड़ित ने उसे 30 हजार रुपए भेजे। इसके बाद महिला ने उन्हें मिलने के बहाने बुलाया, जहां आपत्तिजनक वीडियो बना ली। वह उस वीडियो को प्रसारित करने और परिवार को बताने की धमकी देकर दो लाख 71 हजार रुपए वसूल कर चुकी थी। अब वह छह लाख और मांग रही थी। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है।

पंचकूला नगर निगम चुनाव

# बागी नेताओं को मनाने पहुंचे सैनी, एकता का दिया संदेश

पंचकूला, 28 अप्रैल (जनसत्ता)।

**चुनाव** से पहले भाजपा नेताओं में सक्रियता तेज, रूठे नेताओं को साधने में जुटी पार्टी।
**भाजपा** जिला उपाध्यक्ष उमेश सूद व उनकी पत्नी सोनिया को एकजुटता का पाठ पढाया।



पंचकूला में नगर निगम चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने अपने बागी नेताओं को मनाने के लिए मेहनत शुरू कर दी है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार सुबह जिला उपाध्यक्ष उमेश सूद के निवास पर पहुंचे और उनसे बातचीत की। मुख्यमंत्री ने सूद को संदेश दिया कि पार्टी का निर्णय मानना सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है।

पंचकूला के सेक्टर–10 में उमेश सूद की ओर से आयोजित सभा में मुख्यमंत्री की मौजूदगी ने पूरे कार्यक्रम को राजनीतिक दृष्टि से अहम बना दिया। हालांकि सूत्रों के अनुसार, सूद को मनाने की रणनीति पहले ही तैयार की जा चुकी थी और यह कार्यक्रम मुख्य रूप से कार्यकर्ताओं व मतदाताओं को एकता का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

सभा के दौरान मंच पर जगह को लेकर एक क्षण ऐसा भी आया जब मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर के लिए स्थान बनाने को कहा। इस पर उमेश सूद क्षणिक असहज जरूर दिखे, लेकिन जल्द ही स्थिति को समझते हुए उन्होंने स्वयं को पीछे कर लिया। मुख्यमंत्री ने मंच पर एक ओर भाजपा के महापौर प्रत्याशी शामलाल बंसल को स्थान दिया, वहीं दूसरी ओर पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर को खड़ा किया। इस दौरान सूद की पत्नी सोनिया सूद भी मंच पर मौजूद रहीं। अंत में सभी नेताओं ने एक–दूसरे का हाथ थामकर एकजुटता का प्रदर्शन किया, जिससे स्पष्ट संदेश दिया गया कि पार्टी के भीतर मतभेदों को समाप्त किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने उमेश सूद को अपना मित्र बताते हुए कहा कि पार्टी का हर निर्णय सामूहिक हित में होता है और सभी कार्यकर्ताओं को उसे स्वीकार करना चाहिए। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अपने राजनीतिक जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार पार्टी ने समय–समय पर उन्हें नई जिम्मेदारियां दीं और उन्होंने हर निर्णय को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि कई बार परिस्थितियां अप्रत्याशित होती हैं, लेकिन पार्टी का निर्णय हमेशा व्यापक हित को ध्यान में रखकर लिया जाता है।

उन्होंने बागी नेताओं को संदेश देते हुए कहा कि जो भी फैसला पार्टी ने लिया है, उसे स्वीकार करना ही संगठन की मजबूती का आधार है। मुख्यमंत्री ने महापौर प्रत्याशी श्यामलाल बंसल का उल्लेख करते हुए कहा कि एक समय ऐसा था जब उन्हें टिकट मिलने की उम्मीद कम थी, लेकिन पार्टी ने उन पर भरोसा जताया है और अब जनता का समर्थन भी उनके साथ दिखाई दे रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पंचकूला के मतदाता बंसल को भारी समर्थन देंगे।

# विधानसभा परिसर में समानांतर सदन चलाने पर हुड्डा को नोटिस

## विस अध्यक्ष कल्याण ने नेता प्रतिपक्ष से मांगा जवाब

चंडीगढ़, 28 अप्रैल (जनसत्ता)।

**विशेष** सत्र को असंवैधानिक बताते पर भी मांगा जवाब, मुख्य सचिव से भी इस मामले में मांगी गई टिप्पणी।
**नेता** प्रतिपक्ष से पूछा है कि उन्होंने किन नियमों व संसदीय प्रथाओं के तहत इस प्रकार की अवांछित गतिविधि की है।

हरियाणा विधानसभा परिसर में समानांतर सदन चलाने तथा विधानसभा सत्र को असंवैधानिक बताने पर पर नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा नए विवाद में फंस गए हैं। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने इसे गंभीरता से लेते हुए विपक्ष के नेता को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। कल्याण ने विपक्ष के नेता से पूछा कि उन्होंने किस आधार पर विधानसभा के विशेष सत्र को असंवैधानिक बताया और किस अधिकार अथवा नियम के तहत विधानसभा परिसर में विधायकों को इकट्ठा करते हुए समानांतर सदन की कार्यवाही का संचालन किया।

हरियाणा विधानसभा के विधानसभा अध्यक्ष की ओर से ऐसी कड़ी कार्रवाई पहली बार की गई है। हालांकि पूर्व में भी विपक्ष की ओर से विधानसभा परिसर में समानांतर सदन चलाए जाते रहे हैं। कांग्रेस विधायक दल की बैठक के बाद विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भाजपा सरकार की ओर से बुलाए गए विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र को असंवैधानिक करार देते हुए उसके बहिष्कार की घोषणा कर दी थी और विधानसभा परिसर में समानांतर सदन चलाया था। हरविन्द्र कल्याण ने नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ–साथ हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव से भी इस विषय पर टिप्पणी मांगी है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधायकों को विधानसभा परिसर में इकट्ठा करने का कृत्य न केवल संसदीय परंपराओं के विपरीत है, बल्कि विधानसभा की गरिमा और स्थापित प्रक्रियाओं व नियमों पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष से पूछा है कि उन्होंने किन नियमों व संसदीय प्रथाओं के तहत इस प्रकार की अवांछित गतिविधि की है।

विधानसभा अध्यक्ष की ओर से लिखे पत्र में यह भी पूछा गया है कि 27 अप्रैल को आयोजित हरियाणा विधानसभा के विशेष सत्र व उसकी कार्यवाही को उनकी ओ से किस संवैधानिक या प्रक्रियात्मक आधार पर असंवैधानिक करार दिया गया। इसके अतिरिक्त, सदन में नारी सशक्तिकरण वंदन संशोधन अधिनियम के समर्थन में प्रस्तुत सरकारी प्रस्ताव को 'असंवैधानिक' बताने के पीछे क्या ठोस आधार हैं।

# भ्रष्टाचार मामले में हरियाणा के पूर्व मंत्री कटारिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

चंडीगढ़, 28 अप्रैल (ब्यूरो)।

**कांग्रेस** नेता ने मंत्री रहते अपने ही घर की मरम्मत के लिए लगभग 20 लाख रुपए का अनुदान जारी किया था।
**पुलिस** ने रपट में पूर्व मंत्री को 'क्लीन चिट' दी थी, लेकिन अदालत ने सवाल उठाते हुए प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया।

हरियाणा में गुरुग्राम की एक अदालत के आदेश पर पुलिस ने कथित तौर पर सरकारी अनुदान के दुरुपयोग के लिए पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया और चार अन्य लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार रोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। एक स्थानीय अदालत ने सेक्टर–12 निवासी ओम प्रकाश कटारिया की याचिका पर सुनवाई के दौरान मामले को गंभीर माना था और प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था।

एक साल पहले दायर की गई याचिका में आरोप लगाया गया था कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने बतौर मंत्री अपने ही घर की मरम्मत के लिए लगभग 20 लाख रुपए का अनुदान जारी किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, अनुदान को अनंत सिंह, शर्मिला देवी और बसंती देवी के नाम पर स्वीकृत दिखाया गया था, जबकि वास्तव में वह मकान पूर्व मंत्री का था। उन्होंने बताया कि दावे के समर्थन में बिजली बिल सहित दस्तावेज अदालत में प्रस्तुत किए गए हैं।

शिकायतकर्ता के अनुसार अदालत ने इस मामले में गुरुग्राम पुलिस से कार्रवाई रपट मांगी थी। इसके बाद पुलिस ने दो रपट दाखिल कर पूर्व मंत्री को 'क्लीन चिट' दे दी। हालांकि अदालत ने रपट पर सवाल उठाते हुए कहा कि अनुदानों की पुष्टि तो हो गई थी, लेकिन उनकी वैधता का ठीक से सत्यापन नहीं किया गया था। इसके बाद अदालत ने प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह संज्ञेय अपराध बन जाता है और निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अदालत के निर्देश पर न्यू कालोनी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है और विस्तृत जांच जारी है। इस मामले में सुखबीर कटारिया ने बताया कि इस मामले में दो बार एसआइटी का गठन किया जा चुका है और उन्हें 'क्लीन चिट' दे दी गई है। पूर्व मंत्री ने कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और वह जांच में पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि सभी सरकारी अनुदान उपायुक्त और एसडीम के माध्यम से सत्यापन के बाद ही दिए जाते हैं।

# मामन खान की गिरफ्तारी की आशंका

## राज्यपाल से मिली कांग्रेस, कहा- राजनीतिक दुर्भावना से दर्ज किए जा रहे मुकदमे

चंडीगढ़, 28 अप्रैल (जनसत्ता)।



राज्यपाल से मिलने जाते नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा व अन्य कांग्रेस विधायक।

हरियाणा विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र का बहिष्कार करने वाले कांग्रेस विधायक मंगलवार को राज्यपाल असीम घोष से मिले और सत्र के आयोजन को असंवैधानिक बताया। विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में राज्यपाल से मिले कांग्रेस विधायकों ने फिरोजपुर झिरका के विधायक मामन खान की गिरफ्तारी की आशंका भी जताई। कांग्रेस विधायकों ने कहा कि राजनीतिक दुर्भावना के तहत मामन खान के विरुद्ध एक के बाद एक आपराधिक मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं।

थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा, नूंह के विधायक आफताब अहमद, झज्जर की विधायक गीता भुक्कल और फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने राज्यपाल को जानकारी दी कि फिरोजपुर झिरका के विधायक मामन खान का पुलिस लगातार उत्पीड़न कर रही है। उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए गए हैं। मुकदमे दर्ज करने का सिलसिला लगातार जारी है। पुलिस उन्हें किसी भी समय गिरफ्तार कर सकती है।

ऐसे में राज्यपाल से अनुरोध किया गया है कि वे पूरे मामले में हस्तक्षेप करें तथा राज्य सरकार को किसी भी द्वेष की भावना से कार्रवाई नहीं करने के लिए कहें। भूपेंद्र सिंह हुड्डा, अशोक अरोड़ा, चंद्र प्रकाश, पूजा चौधरी और नरेश सेलवाल ने कहा कि समूची कांग्रेस पार्टी मामन खान के साथ खड़ी है। भूपेंद्र हुड्डा ने राज्यपाल से मिलने के बाद एक सवाल के जवाब में कहा कि सोमवार के विशेष सत्र से पहले भी तीन बार विशेष सत्र बुलाए गए, जो कि असंवैधानिक थे।

हुड्डा ने राज्यपाल को बताया कि भाजपा सरकार संवैधानिक संस्थाओं का मजाक उड़ा रही है। महिला आरक्षण का मुद्दा केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र का विषय है, लेकिन राज्य सरकार ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया, जो कि पूरी तरह असंवैधानिक है। कांग्रेस विधायकों ने इस असंवैधानिक सत्र का बहिष्कार किया।

### विधायक खान पर है सांप्रदायिक दंगे भड़काने का आरोप

नूंह हिंसा के बाद विवादों में घिरे कांग्रेस के विधायक मामन खान पर सांप्रदायिक दंगे भड़काने का आरोप है। मामन का नाम कई एफआइआर में है। पुलिस ने जुलाई 2023 की नूंह हिंसा से जुड़े कम से कम तीन से चार मामलों में यूएपीए सहित गंभीर धाराएं जोड़ी हैं। इन मामलों में सांप्रदायिक हिंसा भड़काने, साजिश और अन्य गंभीर आरोप शामिल हैं। यही वजह है कि कानूनी कार्रवाई तेज होने के साथ उनकी गिरफ्तारी की आशंका बार–बार चर्चा में रहती है। हाल ही में कांग्रेस विधायक की सुरक्षा बढ़ाई गई थी। इसके पीछे की वजह गिरोहबाज और आपराधिक गिरोह से खतरे की सूचना बताया जा रहा है।

# हरियाणा सरकार ने महंगाई भत्ता बढ़ाया

## कर्मियों और पेंशनभोगियों का भत्ता 58 से बढ़ाकर 60 फीसद किया गया

चंडीगढ़, 28 अप्रैल (जनसत्ता)।

हरियाणा सरकार ने राज्य के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते (डीए), महंगाई राहत (डीआर) में बढ़ोतरी कर दी है। केंद्र सरकार की तर्ज पर यह बढ़ोतरी हुई है।

राज्य के वित्त विभाग की ओर से मंगलवार को जारी आदेश के अनुसार, अब डीए और डीआर की दर 58 फीसद से बढ़ाकर 60 फीसद कर दी गई है। यह बढ़ोतरी एक जनवरी 2026 से लागू मानी जाएगी। हरियाणा सरकार के इस फैसले का लाभ सातवें वेतन आयोग के तहत वेतन और पेंशन प्राप्त कर रहे कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को मिलेगा। आदेश में बताया गया है कि बढ़ा हुआ महंगाई भत्ते और महंगाई राहत मई 2026 के वेतन और पेंशन के साथ दिया जाएगा। इसके साथ ही जनवरी 2026 से अप्रैल 2026 तक का बकाया (एरियर) जून 2026 में जारी किया जाएगा।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि डीए/डीआर के भुगतान में 50 पैसे या उससे अधिक की राशि को अगले पूरे रुपए में गिना किया जाएगा, जबकि 50 पैसे से कम की राशि को नजरअंदाज किया जाएगा।

वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरुण कुमार गुप्ता की ओर से जारी इस आदेश से लाखों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को सीधा लाभ मिलेगा। आर्थिक महंगाई के बीच यह फैसला कर्मचारियों के लिए राहत भरा कदम माना जा रहा है। इस निर्णय से राज्य के खजाने पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा, लेकिन कर्मचारियों की क्रय शक्ति बढ़ाने और महंगाई के असर को कम करने के लिए यह कदम जरूरी था।

बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट, लेकिन गर्मी बरकरार | **मौसम** | अगले पांच दिन बिजली चमकने और बरसात के आसार

# पंजाब में बारिश से राहत, चंडीगढ़ में उमस बढ़ी

पंचकूला, 28 अप्रैल (जनसत्ता)।

हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में मौसम ने एक साथ कई रूप दिखाए हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान दोनों राज्यों में कुछ स्थानों पर गरज–चमक, तेज हवाओं और हल्की वर्षा दर्ज की गई, जबकि हरियाणा के अलग–थलग क्षेत्रों में लू की स्थिति भी बनी रही। पंजाब के कुछ क्षेत्रों में बूंदाबादी से कुछ राहत मिली, लेकिन चंडीगढ़ में उमस बरकरार रही। इसके साथ ही हरियाणा और पंजाब के कुछ हिस्सों में गर्म रात की स्थिति भी देखने को मिली, जिससे लोगों को दिन के साथ–साथ रात में भी राहत नहीं मिल रही है।

हरियाणा में अधिकतम तापमान में औसतन 3.7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे तापमान सामान्य के करीब बना हुआ है, लेकिन गर्मी का असर



धूप से बचने का प्रयास करती युवतियां।

अभी भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। रोहतक में 41.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे अधिक रहा। इसके अलावा हिसार में 39.6, नारनौल में 40.0, भिवानी में 38.0 और गुरुग्राम क्षेत्र में भी तापमान 38 से 39 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि दर्ज की गई है और यह सामान्य से 3.7 डिग्री अधिक रहा, जिससे रात के समय उमस और गर्मी का अनुभव हो रहा है। सोनीपत के सराहतल में सबसे कम न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पंजाब में मौसम का रुख अपेक्षाकृत राहत भरा रहा। यहां अधिकतम तापमान में लगभग छह डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई और यह सामान्य से 3.2 डिग्री नीचे रहा। राज्य में सबसे अधिक तापमान फाजिल्का के अबोहर में 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कई जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा भी दर्ज की गई, जिसमें लुधियाना में 4.2 मिलीमीटर, गुरदासपुर में 7.8 मिलीमीटर, पटियाला में आठ मिलीमीटर और मोहाली में लगभग दो मिमी वर्षा प्रमुख रही। हालांकि न्यूनतम तापमान में लगभग 1.8 डिग्री की वृद्धि हुई और यह सामान्य से करीब 3.7 डिग्री अधिक रहा, जिससे रातें गर्म बनी हुई हैं।

चंडीगढ़ में अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.1 डिग्री कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से चार डिग्री अधिक है। यहां पिछले 24 घंटों में वर्षा का केवल निशान दर्ज हुआ, जबकि दिन के दौरान 1.6 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई। आर्द्रता का स्तर अधिकतम 71 फीसद और न्यूनतम 37 फीसद रहा, जिससे उमस का प्रभाव बना रहा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला समेत पूरे क्षेत्र में अगले पांच दिनों तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। 29 और 30 अप्रैल को आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ गरज–चमक और वर्षा की संभावना है।

RUCHIRA PAPERS

## रूचिरा पेपर्स लिमिटेड

**पंजी. कार्यालयः त्रिलोकपुर रोड, काला अम्ब, जिला सिरमौर (हि प्र)**
**CIN: L21012HP1980PLC004336 वेबसाइटः** www.ruchirapapers.com,

### पोस्टल बैलेट सूचना

कंपनी के सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी (आपत्तियों के सूचीकरण एवं प्रकृटीकरण अपेक्षाएं) विनियमों, 2015 ("सूचीकरण विनियम") और ऐसे अन्य लागू कानून और नियम, यदि कोई हो, के विनियम 44 तथा 47 और कारपोरेट मामलों के मंत्रालय (एकत्रित रूप से "एमसीए परिपत्र" के तौर पर ज्ञात) द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025 तथा कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के धारा 108 के साथ पठित 110 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 (नियम) तथा अधिनियम और नियम के अन्य लागू प्रावधानों, के नियम 20 और 22 के अनुसार रुचिरा पेपर्स लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों की पोस्टल बैलट नोटिस **दिनांक 28 अप्रैल, 2026** के साथ उसका व्याख्यात्मक विवरण ("सूचना") में निर्धारित व्यापार के लिए पोस्टल बैलेट का तरीका (केवल रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से) से स्वीकृति मांगी जा रही है।

कंपनी ने **मंगलवार, 28 अप्रैल, 2026** को सभी सदस्यों को ई–मेल द्वारा पोस्टल बैलट नोटिस भेजा है, जिनके ई–मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत हैं। एमसीए परिपत्रों की आवश्यकताओं के अनुपालन में पोस्टल बैलट नोटिस, पोस्टल बैलेट फॉर्म की हार्ड कॉपी और प्री–पेड बिजनेस रिप्लाई लिफाफा सदस्यों को इस पोस्टल बैलेट के लिए नहीं भेजा जाएगा और सदस्यों को केवल रिमोट ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से अपनी सहमति या असंतोष का संप्रेषण करने की आवश्यकता होती है।

जिन सदस्यों ने अब तक अपने ई–मेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, उन्हें डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स ("डीपी") के माध्यम से डिपॉजिटरी के साथ डीमैटरियलाइज्ड फॉर्म में रखे गए शेयरों के संबंध में और भौतिक रूप में रखे गए शेयरों के संबंध में रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए")– एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंक इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम से ज्ञात) नोबल हाईट्स, पहली मंजिल, प्लॉट नंबर एनएच–, सी–1 ब्लॉक, एलएससी, सावित्री मार्केट के पास, जनकपुरी– 110058, ईमेल आईडीः delhi@in.mpms.mufg.com से लिखित रूप में पंजीकरण करने का अनुरोध किया जाता है।

यह नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.ruchirapapers.com स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com और लिंक एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट https://instavote.linkintime.co.in पर भी उपलब्ध है।

जो सदस्य कट–ऑफ डेट यानी **शुक्रवार, 24 अप्रैल, 2026** को भौतिक या डीमैटरियलाइज्ड फॉर्म में शेयरधारक है वह व्यापार पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं, जैसा कि लिंक एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के ई–वोटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से नोटिस में दिया गया है।

सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है किः

i) नोटिस में तय किए गए व्यवसाय का केवल रिमोट ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से ही लेन–देन किया जाएगा;
ii) रिमोट ई–वोटिंग **शुक्रवार, 01 मई, 2026** को सुबह 9:00 बजे (आईएसटी) से शुरू होगी और **शनिवार, 30 मई, 2026** को शाम 5:00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी।
iii) रिमोट ई–वोटिंग सारणी को **शनिवार, 30 मई, 2026** को शाम 5:00 बजे (आईएसटी) के बाद एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अक्षम किया जाएगा।
iv) एक बार एक प्रस्ताव पर एक सदस्य द्वारा वोट डाले जाने के बाद, उसे बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
v) सदस्यों का मतदान अधिकार, कट–ऑफ की तारीख के अनुसार कंपनी की इक्विटी शेयर पूंजी के भुगतान किए गए मूल्य के उनके हिस्से के अनुपात में होगा।

ई–वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया/निर्देश पोस्टल बैलट की सूचना में निहित हैं।

कंपनी के निदेशक के बोर्ड ने मै. संजय कुमार गर्ग एंड कंपनी, कॉस्ट अकाउंटेंट्स, नई दिल्ली को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से पोस्टल बैलट का संचालन करने के लिए संवीक्षक नियुक्त किया है।

संवीक्षक रिपोर्ट के साथ पोस्टल बैलेट का परिणाम कंपनी की वेबसाइट www.ruchirapapers.com पर प्रदर्शित किया जाएगा और स्टॉक एक्सचेंजों, जहां कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं अर्थात बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड www.nseindia.com पर **मंगलवार 2 जून, 2026** से पहले सूचित किया जाएगा।

पोस्टल बैलट के माध्यम से सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव को पारित माना जाएगा जैसे कि उस संबंध में बुलाई गई सदस्यों की आम बैठक में पारित किए गए थे। प्रस्ताव, जिसे अपेक्षित बहुमत से पारित किया गया है, को रिमोट ई–वोटिंग की अंतिम तिथि यानी **शनिवार, 30 मई, 2026** को पारित माना जाएगा।

यदि शेयरधारकों/सदस्यों के पास ई–वोटिंग के बारे में कोई पूछताछ हैं, तो वे अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों ('एफएक्यू') और इंस्टावोट ई–वोटिंग मैनुअल को https://instavote.linkintime.co.in पर सहायता अनुभाग के तहत देख सकते हैं या enotices@in.mpms.mufg.com पर ईमेल करें या दूरभाष 022–49186000 पर संपर्क करें।

**हिते एवं कृते निदेशकों का बोर्ड**
**कृते रूचिरा पेपर्स लिमिटेड**
**इकबाल सिंह**
**(कंपनी सचिव सह अनुपालन अधिकारी)**

**स्थानः काला–अम्ब (हिप्र)**
**दिनांकः 29.04.2026**